an>

Title: Need to expedite construction of roads under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana in Buldana parliamentary constituecny, Maharashtra.

श्री प्रतापराव जाधव (बुलढाणा) ः सरकार का ध्यान अपने गृह राज्य महाराष्ट्र विशेषकर अपने संसदीय क्षेत्र बुलढाणा में प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना का कार्य सुचारू रूप से नहीं होने की ओर आकृष्ट करना चाहता हॅं। इस राज्य में सड़क निर्माण अधूरे पड़े हुए हैं जबकि लक्ष्यों के अनुसार अब तक सभी गांवों को जोड़ने हेतु प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत सभी सड़कें बन जानी चाहिए। उक्त ग्रामीण सड़कों का निर्माण करने वाले ठेकेदारों ने अपने कार्य बंद कर दिये हैं, जिसके कारण अधूरी सड़कों पर पड़ा मैटेरियल खराब हो रहा है। अधूरे काम होने से आधी-अधूरी बनी सड़कें खराब हो रही हैं। पैट्रोल की बिक्री में अभी भी प्रति लीटर पैट्रोल पर एक रूपये का सेस प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत लिया जा रहा है। पी.एम.जी.एस.वाई. में सेस में हर साल कितना पैसा विगत तीन वर्षों के दौरान सरकार को मिला है, इस तथ्य से मुझे अवगत कराया जाये।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि पूरे महाराष्ट्र विशेषकर बुलढाणा में प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत अधूरी पड़ी सड़कों को शीघ्र पूरा किया जाये और लंबित सड़कों का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा किया जाये एवं लंबित प्रस्तावों पर कार्य शुरू करवाया जाये।